an>

Title: Need to develop Vaishali District in Bihar as a tourist destination.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली): महोदय, वैशाली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत वैशाली जिला ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से विश्व के प्रथम गणतंत्र के साथ भगवान महावीर जी की जन्मभूमि और भगवान बौद्ध की कर्मभूमि के रूप में विश्वविख्यात है । जैन व बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए वैशाली एक पवित्र स्थल है जिसके कारण लाखों श्रद्धालुओं का वर्ष भर यहाँ आना होता है । मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मांग करती हूं कि वैशाली जिले में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए वैशाली जिले का विकास अयोध्या, बनारस एवं अन्य धार्मिक स्थलों की तर्ज पर किया जाए ताकि जैन एवं बौद्ध धर्म के अनुयायियों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी वैशाली ऐतिहासिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि से पर्यटन के मुख्य केंद्र के रूप में विकसित हो सके ।